
Transport for NSW

# सड़क सुरक्षा




## स्कूल बसों के आस-पास सुरक्षित ड्राइविंग

बसें दूसरे चालकों को चेतावनी देने के लिए संकेतों और फ्लैश लाइटों का उपयोग करती हैं कि वे स्कूली बच्चों को बैठा रही हैं या उतार रही हैं, तथा हो सकता है कि बच्चे सड़क पार कर रहे हों या करने वाले हों।

कानून के अनुसार यह ज़रूरी है कि जब किसी बस की लाइटें फ्लैश हो रही हों तो आप उस बस के पास से, उसके जाने की दिशा में 40 किमी/घंटा से अधिक की गति से वाहन चलाते हुए न गुज़रें। यह बात तब भी लागू होती है जब बस रुकी हुई हो या चल रही हो।

बसें जल्दी से नहीं रुक पाती हैं क्योंकि वे विशाल और भारी वाहन होते हैं। अन्य वाहनों की तुलना में उनके ब्लाइंड स्पॉट्स (शीशों में दिखाई ने देने वाले स्थान) बहुत बड़े भी हो सकते हैं। इसलिए, याद रखें:

- जब बस की लाइटें फ़्लैश हो रही हों तो गति को 40 किमी/घंटा तक कम कर दें, यदि इससे कम गति सीमा लागू न हो तो।
- सड़क पार कर रहे या पार करने जा रहे बच्चों पर ध्यान दें
- कभी भी बस स्टॉप या बस जोन में या उसके आस-पास पार्क न करें
- बसों को रास्ता दें

**अनौपचारिक स्कूल बस स्टॉप**

ग्रामीण और क्षेत्रीय इलाकों में कई अनौपचारिक स्कूल बस स्टॉप हैं जिन पर कोई संकेत या बस शैल्टर जैसी संरचना नहीं होती है। ये स्टॉप्स किसी ड्राइववे के अंत में या सड़क के किनारे हो सकते हैं, जिससे बच्चों को देख पाना मुश्किल हो सकता है।

जब बस की लाइट फ़्लैश हो तो अपने वाहन की गति धीमी करके 40 किमी/घंटा पर लाएँ, संकेतों का पालन करें और सड़क पार करने वाले बच्चों पर नज़र रखें। खड़ी बस के कारण बच्चों को देख पाना मुश्किल हो सकता है, इसलिए ड्राइवरों को धीमी गति से वाहन चलाने की ज़रूरत है।

**सड़क पर सुरक्षित रूप से यात्रा करने की आदतें बच्चे आपसे सीखते हैं और जब वे अकेले यात्रा करने लायक बड़े हो जाएंगे तो वे इन्हें जारी रखेंगे।**

सड़क पर बच्चों को सुरक्षित रखने के बारे में अधिक जानकारी के लिए **safetytown.com.au** पर परिवार (families) सैक्शन देखें।

स्टॉक कोड 45095238 जून 2024 © ट्रांसपोर्ट फॉर NSW

NSW GOVERNMENT

एनएसडब्ल्यू की सड़कों पर बहुत सी जानें गईं हैं।
**हमारा लक्ष्य इसे शून्य बनाना है।**

TOWARDS ZERO